कार्यालय शहरी आजीविका केन्द्र, सुलतानपुर

पत्रांक 2723/श0आ0के0/कोविड–19/मा0संसा0/2020–21 दिनांक 21.08.2020

कोविड– 19 के अन्तर्गत आउटसोर्सिंग संविदा पर नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0, शासन के पत्र सं0777/पांच–5–2020 दिनांक 03.04.2020 एवं जिलाधिकारी के अनुमोदन दिनांक 11.08.2020 व मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुलतानपुर के पत्रसंख्या–एनएचएम/मानवसंसा/कोविड–10/2020–21/2468–5 दिनांक 14.08.2020 के क्रम में कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुये नवनिर्मित 100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय, विरसिंहपुर, सुलतानपुर को एल–2 चिकित्सालय के रूप में संचालित किया जाने हेतु निम्नलिखित आउटसोर्सिंग संविदा पदो पर उनके सम्मुख अकिंत योग्यता के अनुसार निम्नलिखित पदो का वॉक–इन–इन्टरव्यू के आधार पर तैनाती हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंन्त्रित किया जाता है। समस्त पदो हेतु वाक–इन–इन्टरव्यू दिनांक 27.08.2020 को कलेक्ट्रेट सभागार, सुलतानपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा।

क0सं0	पदनाम	कुल पदों की संख्या	मानदेय (सभी करो/ई0पी0एफ0/ई0एस0आई एवं सर्विस चार्ज सहित)	शैक्षिक अर्हता	आयु (वर्ष में)
1	स्टाफ नर्स	32	16373.0.0	Diploma in GNM and Registration form UP State Medical Faculty	अधिकतम आयु 40 वर्ष
2	ई0सी0जी0 टेक्नीशियन	02	16376.00	Diploma in Cardiology Technician and Registration form UP State Medical Faculty	अधिकतम आयु 40 वर्ष
3	वार्डब्वा/ वार्ड आया	12	8374.00	Minimum Qualification Class – 8 passed	अधिकतम आयु 40 वर्ष
4	स्वीपर/ स्वीप्रेस	12	7313.00	Minimum Qualification Class – 8 passed	अधिकतम आयु 40 वर्ष

नियुक्ति हेतु नियम व शर्तें–

1. इच्छुक अभ्यर्थियो को निर्देशित किया जाता है कि वह अपना बायोडाटा, 02 नवीनतम पास पोर्ट साइज फोटो, समस्त शैक्षिक अर्हताओं की स्वप्रमाणित छायाप्रति/मूल प्रति के साथ वॉक–इन–इन्टरव्यू की नियत तिथि को उपस्थित हो। संलग्न अभिलेख कूटरचित/फर्जी पाये जाने की स्थिति में संविदा नियुक्ति का अनुबंध निरस्त कर अभ्यर्थी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
2. राज्य/शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा परन्तु आरक्षण श्रेणी के योग्य अभ्यर्थी न होने की दशा में रिक्तियॉ उपलब्ध अभ्यर्थियों से भरी जायेंगी। निर्धारित मानदेय से ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0, सर्विस चार्ज एवं जी0एस0टी0 की नियमानुसार कटौती की जायेगी।
3. नियुक्ति स्थानान्तरणीय नहीं है। इस हेतु कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. यह नियुक्ति अस्थाई है, जो दिनांक 31.03.2021 अथवा शासन के अग्रिम दिशा निर्देश (जो भी पहले हो) तक कि लिये मान्य होगा। इस नियुक्ति के आधार पर राज्य सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति पाने का दावा मान्य नही होगा।

21/8/2020

परियोजना अधिकारी, डूडा/
प्रभारी अधिकारी
शहरी आजीविका केन्द्र
सुलतानपुर

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदया, सुलतानपुर को सादर अवलोकनार्थ।
2. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सुलतानपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति NIC की वेबसाइट पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
3. नाजिर, कलेक्ट्रेट/विकास भवन, सुलतानपुर को इस आशय से प्रेषित कि जन मानस हेतु कलेक्ट्रेट/विकास भवन के सूचना पट्ट पर विज्ञप्ति चश्पा कराने का कष्ट करें।
4. दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं अमर उजाला को इस आशय के साथ प्रेषित कि कम से कम स्थान में विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर बिल 02 प्रतियों में उपलब्ध करायें।
5. शहरी आजीविका केन्द्र, सुलतानपुर के नोटिस बोर्ड पर चश्पा हेतु।

21/8/2020

परियोजना अधिकारी, डूडा/
प्रभारी अधिकारी
शहरी आजीविका केन्द्र
सुलतानपुर

CLC FINAL